27 APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 4/27/2025 8:54 PM Page 1


हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री


4 विक्षोभ के प्रभाव से बदली हवा की दिशा, गर्मी से मिलेगी राहत




## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ आज



**मनेन्द्रगढ़।** अनंत श्री विभूषित फलाहारी बाबा जगदीशदास जी, श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर श्री रामप्रिय दास जी अयोध्या एवं श्री हनुमान जी महाराज की अपार कृपा से, तथा श्री श्री 108 वर्तमान महंत रामेश्वर दास महाराज के पावन सान्निध्य में, विजय हनुमान टेकड़ी मंदिर प्रांगण में सप्त दिवसीय हनुमत महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महंत प्रेम नारायण दास (झांसी) एवं महामण्डलेश्वर रामप्रिय दास के दिव्य आशीर्वाद से संपन्न होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 28 अप्रैल सोमवार को प्रातः 8 बजे कलश स्थापना एवं देव पूजन के उपरांत भागवत जी की भव्य कलश यात्रा नगर में निकाली जाएगी, जो कथा स्थल तक पहुंचेगी। कथा प्रतिदिन सायं 4 बजे से होगी। 28 अप्रैल सोमवार श्रीमद्भागवत महात्म्य, मंगलाचरण, 29 अप्रैल मंगलवार महाभारत प्रसंग, परीक्षित जन्म, सुखदेव आगमन की कथा होगी। 30 अप्रैल बुधवार कपिल-देवहूति संवाद, सती-ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार तथा 1 मई गुरूवार गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार, श्रीराम व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा होगी। 2 मई शुक्रवार नंदोत्सव, बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग व 3 मई शनिवार को रासपंचाध्यायी, रूकमणी विवाह, द्वारिका लीला के उपरांत 4 मई रविवार सुदामा चरित्र, उद्धव संवाद, परीक्षित मोक्ष, सुखदेव पूजन तत्पश्चात यज्ञ पूणार्हुति एवं भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### पेंशनरों के हित में फैसला ले सरकार

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छग के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव और कोरिया जिले के अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश के सभी भाजपा शासित राज्यों में केन्द्र सरकार की देय तिथि और दर से कर्मचारियों व पेंशनरों को डीए/डीआर दिया जा रहा है, लेकिन छग सरकार अब भी इसमें पीछे है, इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को झूठा साबित करने जैसा संदेश जा रहा है। विज्ञप्ति में बताया गया कि मध्यप्रदेश सरकार ने हाल ही में एरियर सहित कर्मचारियों को डीए देने की घोषणा कर छग को आईना दिखाया है, जबकि छग सरकार ने मार्च 2025 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने का आदेश तो दिया, लेकिन एरियर की राशि नहीं दी, जिससे कर्मचारियों और पेंशनरों में भारी आक्रोश है। पेंशनर्स नेताओं ने कहा कि विगत 5-7 वर्षों से केन्द्र और राज्यों के डीए में अंतर समाप्त करने का ऐतिहासिक निर्णय हो चुका है। बावजूद इसके छग में डीआर (पेंशनरों के लिए महंगाई राहत) देने में पुराने अनुभवों को देखते हुए कोई ठोस घोषणा नहीं हुई है। मध्यप्रदेश राज्य पुर्नगठन अधिनियम की धारा 49 के चलते बिना दोनों राज्यों की सहमति के डीआर नहीं दिया जा सकता, इसलिए इस धारा को समाप्त करने की मांग भी उठाई गई है। विज्ञप्ति में महासंघ के बीके वर्मा, द्रौपदी यादव, आरएन ताटी, जेपी मिश्रा, अनिल गोल्हानी, टीपी सिंह, बीएस दसमेर और प्रदेशभर के जिलाध्यक्षों ने मुख्यमंत्री साय से अपील की है कि अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह छग में भी एरियर सहित डीए/डीआर देने का आदेश शीघ्र जारी कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को मजबूती प्रदान करें।

### शिमोन पटवारी संघ के नए संघ

**मनेन्द्रगढ़।** राजस्व पटवारी संघ (एमसीबी) का चुनाव संपन्न शिमोन लाल अध्यक्ष बने संगठन की



मजबूती, सदस्यता की एकता में निहित है। इसी संदेश के साथ मनेन्द्रगढ़ में आज राजस्व पटवारी संघ (एमसीबी) का चुनाव शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए शिमोन लाल और हीरालाल पुरी के बीच मुकाबला हुआ। मतगणना के बाद शिमोन लाल ने 34 मत प्राप्त कर निर्णायक बढ़त हासिल की, जबकि हीरालाल पुरी को 11 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार शिमोन लाल भारी मतों से विजयी होकर संघ के नए अध्यक्ष चुने गए। अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। सचिव पद के लिए राकेश तिवारी निर्विरोध चुने गए। कोषाध्यक्ष पद पर छाया गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित हुरइं। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह सौहार्दपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हुई। संघ के सभी सदस्यों ने लोकतंत्र की भावना का सम्मान करते हुए सक्रिय भागीदारी निभाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिमोन लाल ने जीत के बाद कहा कि यह जीत मेरी नहीं, पूरे संघ की जीत है।

---

**बदला मौसम:** शहर में प्रभावित रही विद्युत व्यवस्था, गर्मी से मिली थोड़ी राहत

# गरज के साथ आंधी, पानी, गिरे पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



शहर में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। तेज हवा के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरने और विद्युत तारों के क्षतिग्रस्त होने से बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। कई इलाकों में घंटों तक बिजली गुल रही, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 24 घंटों में मौसम में और बदलाव की संभावना है। हल्की बारिश और तेज हवाएं जारी रह सकती हैं। वैसे तो शनिवार से मौसम में फिर बदलाव हुए, इसके कारण रविवार को तड़के जिले के कई स्थानों पर हल्की बूंदांबादी हुई, वहीं रविवार को देर अपरान्ह को जमकर तेज हवाएं चली और जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई इलाकों में हल्की बौछार पड़ी। मौसम में अचानक बदलाव के कारण तापमान में गिरावट हुई। जानकारी के अनुसार गुरूवार को तापमान जहां 45 तक पहुंच गया था, वहीं रविवार को मौसम में बदलाव के बाद तापमान घटकर अधिकतम 35 रहा,वहीं न्यूनतम तापमान 18 डिग्री दर्ज किया गया। कोरिया जिले में रविवार को सुबह से ही मौसम सुहाना रहा। सुबह के समय चली हवाओं से ठंडक का असर रहा, वहीं दोपहर के समय धूप-छॉव तथा हल्के बादलों भरा आसमान रहने के कारण तेज धूप से राहत मिलती रही, लेकिन उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही थी। घरों में कूलर ,पंखों का सहारा लेना पड़ रहा था।

27 अप्रैल को अपरान्ह लगभग 4 बजे अचानक उमड़ते घूमड़ते बादलो के बीच तेज आंधी कुछ देर चली, इसके चलते कई लोगों के टीन व अन्य तरह के शेड आंधी के कारण उड़ गए। कई जगहों पर पेड़ों के डंगाल भी टूटे, लेकिन किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं रही। वहीं शहर में रविवार को साप्ताहिक बाजार बैठकी का दिन होता है।

इस दिन सायं के समय चली तेज आंधी के कारण कई व्यापारियों के तिरपाल भी उड़ गए, जिसके कारण व्यापारियों को परेशान होना पड़ा। वहीं रविवार को अपरान्ह चली तेज आधी के कारण कच्चे आम को नुकसान पहुंचा।

### मौसम विभाग का यलो अलर्ट

मौसम विभाग ने हाल में बदले मौसम के मिजाज को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। यलो अलर्ट मौसम पूर्वानुमान के आधार पर खतरे का संकेत होता है, ऐसे में भारी बारिश, लू की स्थिति एवं तेज हवाओं के चलने का संकेत होता है, इससे लोगों को संभावित खतरों को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत होती है।

### हवाएं चलने के साथ शहर की बिजली गुल

शहर क्षेत्र में रविवार को लगभग 4 बजे अचानक तेज हवाएं चलने लगी, इसके साथ ही शहर क्षेत्र की बिजली गुल कर दी गई, लेकिन हवाओं की चलने की गति कम होने के बावजूद शहर क्षेत्र की काटी गई, बिजली आपूर्ति बहाल करने में लगभग दो घंटे लग गए। इस दौरान लोगों को उमस भरी गर्मी से हलाकान होना पड़ा।

### बारिश के साथ चली तेज हवा

**मनेन्द्रगढ़।** रविवार की दोपहर मनेन्द्रगढ़ में मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह तक जहां तेज धूप और उमस से लोग बेहाल थे, वहीं दोपहर बाद अचानक तेज हवाएं चलने लगीं और आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद हुई झमाझम बारिश ने पूरे इलाके के मौसम को खुशनुमा बना दिया। तेज हवाओं के साथ आई बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली। मौसम में आए इस सुखद बदलाव के कारण लोगों के चेहरों पर खुशी नजर आई। कई जगहों पर बच्चे बारिश में भीगते नजर आए तो बड़े-बुजुर्ग भी ठंडी हवाओं का आनंद लेते दिखे। बारिश के चलते सड़कों पर जलभराव की स्थिति भी कुछ जगहों पर देखी गई, हालांकि कोई बड़ी असुविधा की सूचना नहीं मिली। किसानों के लिए भी यह बारिश किसी संजीवनी से कम नहीं रही, क्योंकि इससे खेतों की नमी बढ़ी और आगामी फसलों के लिए अच्छी तैयारी का अवसर मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी हुई है और हल्की से मध्यम बारिश के आसार जताए गए हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग काफी समय से बारिश का इंतजार कर रहे थे और रविवार को आई यह बौछारें लोगों के लिए एक राहत साबित हुई।

---

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कई परियोजनाओं का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



भूमिपूजन करते स्वास्थ्य मंत्री।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और छग मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड के अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ एवं सीएचसी मनेन्द्रगढ़ में विभिन्न महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ श्रीमती प्रतिमा यादव ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद ओमप्रकाश जायसवाल, 18 के पार्षद अनिल प्रजापति के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र राणा उपस्थित रहे। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के लिए म्यूजियम, फिजियोलॉजी, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग एवं व्याख्यान कक्ष निर्माण कार्य 194.00 लाख, सीएचसी मनेन्द्रगढ़ को 220 बिस्तर सिविल अस्पताल में अपग्रेड करने के लिए 40 बिस्तरों वाले वार्ड का निर्माण कार्य 76.09 लाख, नवीन ओपीडी एवं 50 बिस्तरों वाले वार्ड का निर्माण कार्य 174.75 लाख, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में लाइब्रेरी एवं विभागाध्यक्ष कक्ष का निर्माण कार्य 125.00 लाख का भूमि पूजन स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिभा यादव और सभी जनप्रतिनियों के कर कमलो से किया गया। एमसीबी जिले के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा, जब स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने झगराखांड़ स्थित खेल परिसर में बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य और विकास परियोजनाओं का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्र को नई सौगात दी।

समारोह में क्षेत्रवासियों के उत्साह और उम्मीदों का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में म्यूजियम, फिजियोलॉजी विभाग, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग और व्याख्यान कक्ष के निर्माण की आधारशिला रखी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ को 220 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक सिविल अस्पताल में परिवर्तित करने के लिए नवीन ओपीडी, 40 बिस्तरों वाला वार्ड और 50 बिस्तरों के अतिरिक्त वार्ड का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हुआ। साथ ही मेडिकल कॉलेज में एक अत्याधुनिक पुस्तकालय और विभागाध्यक्ष कक्ष का निर्माण भी प्रस्तावित है। इन सभी कार्यों पर कुल 174.75 लाख रूपए की लागत आएगी, जो आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को नए आयाम प्रदान करेगा। स्वास्थ्य सेवाओं के और अधिक सुदृढ़ीकरण के लिए 8 करोड़ रूपए की लागत से एक अत्याधुनिक सिटी स्कैन हॉस्पिटल की स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा, श्रीमती अनीता सिंह, पार्षद ओम प्रकाश जायसवाल, राजू यादव, अनिल प्रजापति, उर्मिला जायसवाल,नीलू जायसवाल, सुनैना विश्वकर्मा, सुशीला सिंह, माया सोनकर, किरण कुजूर, ⏭ शेष पेज 4 पर

---

# जोड़ा तालाब में चला स्वच्छता अभियान



**मनेन्द्रगढ़।** जहां स्वच्छता है, वहां स्वास्थ्य है, जहां स्वास्थ्य है, वहां खुशहाली ह और जहां खुशहाली है, वहीं सच्चा विकास है। इसी भावना के साथ मनेन्द्रगढ़ की मिट्टी में एक बार फिर स्वच्छता का संकल्प गूंज उठा।

जनसहयोग की मिसाल पेश करते हुए आमजन और जनप्रतिनिधि कंधे से कंधा मिलाकर श्रमदान करते दिखाई दिए। जोड़ा तालाब छठघाट पर चल रहा यह स्वच्छता अभियान अब पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन चुका है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ शारीरिक सफाई नहीं, यह आत्मा की सफाई का भी प्रतीक है। वहीं उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा ने कहा कि जब तक हर व्यक्ति स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा नहीं बनाएगा, तब तक हमारा लक्ष्य अधूरा रहेगा। सीएमओ श्रीमती मुक्ता सिंह चौहान ने कहा कि नगरपालिका के प्रयास तभी सफल होंगे जब हर नागरिक स्वच्छता को अपना कर्तव्य मानेगा। रामचरित द्विवेदी ने कहा कि नगर की सुंदरता हम सबकी जिम्मेदारी है और श्रमदान से यह संभव है। इसी तरह अन्य लोगों ने भी स्वच्छता पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सतीश उपाध्याय, विजय मिश्रा, मुमताज, अजीज, शिवनारायण मिंज, बबलू, हिमांशु, ओम प्रकाश जायसवाल, नीलू जायसवाल, सुनैना विश्वकर्मा, सुशीला सिंह,विवेक अग्रवाल, गिरधर जायसवाल, अंकुर जैन, जयचंद बोथरा, रानू घोषाल, मनोज केशरवानी, शांता जायसवाल सहित नगर के अन्य लोगों ने श्रमदान में भाग लिया और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। वहीं जनप्रतिनिधियों के साथ आमजन भी हाथों में झाडू, फावड़ा और बेलचा लेकर पूरे समर्पण के साथ श्रमदान करते नजर आए। बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी एक ही उद्देश्य के लिए एकजुट दिखे।

### उन्मुखीकरण कार्यशाला सह स्वच्छता संवाद 29 को

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ठोस व प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन कार्य का क्रियान्वयन जिले के सभी ग्राम पंचायत/ग्रामों में प्राथमिकता पूर्वक किया जाना है। जिसके अनुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत घर-घर कचरा संग्रहण, परिवहन, सेग्रीगेशन शेड में कचरे का पृथक्कीकरण सह उचित निपटान, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध तथा शतप्रतिशत यूजर्स चार्ज कलेक्शन हेतु चिन्हांकित मॉडल ग्राम पंचायतों के नवीन निर्वाचित सरपंच व सचिवों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सह स्वच्छता संवाद कार्यक्रम 29 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। जिसमें समस्त नवीन निर्वाचित सरपंच व सचिव ग्राम पंचायत शामिल होंगे।

---

# बिना जानकारी दिए निविदा खोलने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- सीएमओ बोले- आरोप गलत लगाए गए



नगर पंचायत पटना में एक ठेकेदार ने बिना जानकारी दिए निविदा खोले जाने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत कलेक्टर को देते हुए जांच एवं कार्रवाई किए जाने की मांग की है। हालांकि पूरे मामले में आरोप को सीएमओ ने एक सिरे से खारिज कर दिया है।

कलेक्टर को सौपे शिकायत के अनुसार खान कंस्ट्रक्टशन एंड सप्लायर के संचालक फरीदा बेगम पति मो. आरिफ ने कलेक्टर को सौंपे अपने शिकायत में उल्लेख किया है कि नगर पंचायत पटना के लिए ऑनलाइन निविदा निकाला गया था, उसमें मेरे द्वारा निविदा जमा किया गया था, जिसके खोलने की तिथि 31 जनवरी थी, तब समयावधि में कार्यालय पहुंचने पर नगर पंचायत के कर्मियों के द्वारा बताया गया कि सीएमओ नहीं हैं बाद में खुलेगा तिथि बढ़ गई है। बाद में सीएमओ से मुलाकात हुई तो उन्होंने बताया कि आचार संहिता लग गया है, इसके बाद निविदा खुलेगा इसकी सूचना उन्हें दी जाएगी। इसी बीच 24 अपैल को सोशल मीडिया से पता चला कि निविदा खुला और उसका भूमिपूजन भी हो गया। सीएमओ से संपर्क करने पर उन्होंने कुछ भी जवाब नहीं दिया। इस पर जांच कराकर सीएमओ नगर पंचायत पटना के विरूद्ध कार्रवाई करने एवं जिन कार्यो का भूमिपूजन कराया गया, उसका निविदा खोलवाए जाने की मांग की गई है।

### आरोप गलत है

सभी निविदा की प्रक्रिया नियमानुसार खोले गए हैं। संबंधित द्वारा लगाए जा रहे सारे आरोप गलत और बेबुनियाद है। शासन के दिशा-निर्देश के अनुसार ही कार्य कराए जा रहे हैं।

-सिकंदर सिदार
सीएमओ नपं पटना

---

# एमसीबी की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक

- श्रीकांत व प्रवीण जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त



**मनेन्द्रगढ़।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला एमसीबी की नवनिर्वाचित जिला प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक स्थानीय हसदेव इन होटल में संपन्न हुई। सर्वप्रथम उपस्थित रेडक्रॉस सदस्यों ने पहलगाम आंतकवादी हमले में शहीद हुए लोगो की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात बैठक में निर्धारित एजेंडा अनुसार चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सदस्यता अभियान चलाकर नए सदस्य जोड़ने पर बल दिया गया साथ ही रेडक्रॉस समिति के कार्यो के लिए धन संग्रह एवं दानदाताओं को स्वेच्छा से दान के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस चेयरमेन शैलेष जैन व रेडक्रॉस नोडल अधिकारी सौमेन्द्र मंडल द्वारा रेडक्रॉस के प्रमुख उद्देश्यों व कार्यो की जानकारी उपस्थित सदस्यों से साझा की गई। बैठक में रेडक्रॉस जिला प्रबंध समिति के शपथग्रहण कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सर्वसम्मति से एकमत होकर उपस्थित सदस्यों ने मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक व सूबे के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को आमंत्रित करने की बात कही। रेडक्रॉस द्वारा जनऔषधि दवाई दुकान संचालित ⏭ शेष पेज 4 पर

### पंचायती राज दिवस पर शुरू होंगे अटल डिजिटल सुविधा केंद्र

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले के अन्तर्गत प्रथम फेज में 6 विकासखण्ड अन्तर्गत 10-10 ग्राम पंचायतों कुल चयनित 60 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया जायेगा। इसके माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर ही ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से प्राप्त होने वाली राशि का ग्राम पंचायत स्तर पर ही नगद आहरण करने की सुविधा दी जाएगी। यह सुविधा निःशुल्क होगी ।

---

गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क का लोकार्पण समारोह

# 29 करोड़ वर्ष पुराने जीवाश्म जिले के लिए हैं गौरवशाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़




लोकार्पण समारोह में उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री।

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के आमाखेरवा क्षेत्र में गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क का लोकार्पण बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ।

इस ऐतिहासिक अवसर पर छग शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, नई लेदरी नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र राणा सभी जनपद सदस्य एवं पार्षदगण गणमान्य नागरिक एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। सबसे पहले स्वास्थ्य मंत्री द्वारा गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क का उद्घाटन रिबन काट किया साथ ही पार्क में बने हजारों वर्षो विलुप्त जीवाश्म का निरीक्षण करते हुए बम्बू राफ्टिंग में बैठकर हसदेव नदी का भ्रमण किया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत छग महतारी की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। छग महतारी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर अतिथियों ने आयोजन को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। इसके उपरांत अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शॉल से स्वागत कर अभिनंदन किया गया। वनमंडल अधिकारी मनीष कश्यप ने गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पार्क 29 करोड़ वर्ष पुराने समुद्री जीवन के अवशेषों का संरक्षण स्थल है। इस समुद्री जीवों के जीवाश्म आज भी आमाखेरवा क्षेत्र में सुरक्षित अवस्था में उपलब्ध हैं, जो पृथ्वी के भू-गर्भीय इतिहास के महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं।

हसदेव नदी के तट पर स्थित यह स्थल प्राचीन जीवाश्म का हिस्सा रहा है, जहां आज भी समुद्री जीवन के प्राचीन अवशेष मिलते हैं। अब यह गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क के रूप में इसे संरक्षित कर आमजन के लिए भी सुलभ बनाया गया है। गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क में वर्तमान में 35 जीवाश्म संरचनाओं की प्रकृतियां स्थापित की गई है, जिनमें से कई मूर्तियां राजस्थान सहित अन्य राज्यों के मूर्तिकारों द्वारा निर्मित की गई हैं। पर्यटकों के अनुभव को समृद्ध बनाने के लिए बम्बू राफ्टिंग, वुडिंग, पैडल वॉकिंग जैसी रोमांचक ⏭ शेष पेज 4 पर

---

# बिना नंबर दौड़ रहे सरकारी वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



शहर क्षेत्र में बिना नंबर की सरकारी वाहन महीनों से सड़कों पर दौड़ रही है, इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

जानकारी के अनुसार शहर की सड़कों पर लंबे समय से दौड़ नहीं बिना नंबर की सरकारी वाहन के पीछे छग शासन लिखा हुआ है और वाहन वन विभाग के अधिकारी के लिए हैं, जिसमें बेधड़क अधिकारी प्रतिदिन उपयोग करते हैं। यह परिवहन नियमों का उल्लंघन है। नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई के तौर पर जुर्माना लगाया जा सकता है, लेकिन जब छग की शासन की वाहन ही नियम तोड़े तो उस पर भी नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। इस तरह की लापरवाही सुरक्षा और नियमों को लेकर कई सवाल खडे कर दिए हैं। आम नागरिकों के लिए वाहनों पर नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य हैं वहीं सरकारी वाहन द्वारा इस नियम का उल्लंघन लंबे समय से किया जा रहा है, फिर भी जिम्मेदार इस तरह की लापरवाही पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई अब तक नहीं की। देखना होगा कि बिना नंबर के सड़कों पर बेधड़क दौड़ रही सरकारी वाहन पर क्या कार्रवाई होती है।

## खबर संक्षेप



### भारत स्काउट एवं गाइड्स लटोरी ने किया प्याऊ का शुभारंभ

**बिश्रामपुर।** भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लटोरी की प्राचार्य श्रीमती ओमेगा सिंह के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण गर्मी में राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराकर प्यास से राहत दिलाने के उद्देश्य से भीगा चना, गुड़ एवं घड़े का शीतल जल देकर अम्बिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग लटोरी के प्रतिक्षालय के बगल में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया है। प्याऊ घर के शुभारंभ के अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर राजवाड़े, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविन्द्र भारती, सरपंच सुरजीत सिंह, सुखदेव, प्राचार्य श्रीमती ओमेगा सिंह, शासकीय हाई स्कूल गंगापुर की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती फुलूरानी मंडल, विद्यालय के स्काउट प्रभारी मनोहर लाल दर्पण, स्काउट विंग से गौतम राजवाड़े, प्रवीणकांत, कुमार साय व अन्य उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया प्याऊ का उद्घाटन




**प्रतापपुर।** भारत स्काउट गाइड के सेवकों की नेक पहल पर नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह और जरही मंडल अध्यक्ष ने प्याऊ घर का उद्घाटन किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रतापपुर के स्काउट प्रभारी संजय सिंह के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। प्याऊ में गुड़ की व्यवस्था स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों द्वारा की जा रही है। उद्घाटन के पहले दिन की व्यवस्था खुद नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह ने की। आगे भी हर दिन अलग-अलग समाजसेवी गुड़ उपलब्ध कराएंगे। पिछले साल भी यही पहल की गई थी। स्काउट गाइड्स ने खुद खड़े होकर राहगीरों को पानी पिलाया था। उसी उत्साह के साथ इस बार भी व्यवस्थित तरीके से शुरू किया गया है। यहां शेड, ग्लास, हैंडवॉश और बैठने की व्यवस्था भी की गई है।

### राहगीरों की प्यास बुझाने लटोरी पुलिस ने लगाया प्याऊ




**बिश्रामपुर।** अब भीषण गर्मी पड़ने पर सुबह से ही धूप इतनी तेज हो जा रही है कि धूप में दो मिनट खड़ा होना मुश्किल हो गया है। जो लोग कामकाज के लिए निकल रहे है, उन्हें कड़ी धूप का सामना करना पड़ रहा है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए ही प्याऊ घर खोलने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में 25 अप्रैल को लटोरी पुलिस द्वारा लटोरी मुख्य मार्ग किनारे स्थित यात्री प्रतिक्षालय में प्याऊ घर का शुभारंभ किया है। इस प्याऊ घर के खुलने से आमजन को आसानी से पानी की सुविधा मिल सकेगी और वे अपना प्यास बुझा सकते हैं। इस दौरान लटोरी चौकी प्रभारी अरूण गुप्ता, सरपंच यवत सिंह, उपसरपंच बुधराम राजवाड़े व पुलिस स्टाफ मौजूद रहे। एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि आने वाले दिनों में सभी थाने व चौकी के सामने अथवा उचित स्थान पर प्याऊ घर खोला जाएगा। आमजन इस प्याऊ के माध्यम से इस भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझा सकेंगे।

### देश की एकता, अखंडता को नुकसान पहुंचाने वालों पर हो कार्रवाई

**अंबिकापुर।** जिला कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक विभाग के अध्यक्ष रशीद अंसारी ने कहा है कि हाल ही में कश्मीर में जो अमानवीय और कायराना



आतंकी घटना घटी उसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। देश के हर कोने से, हर धर्म, हर समुदाय ने एकजुट होकर इसकी कड़ी निंदा की और सरकार से मांग की कि इन ज़ालिम आतंकियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए। इसी बीच, अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक घटना उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में घटी जहां दो निर्दोष मुस्लिम नागरिकों को सिर्फ उनके धर्म की पहचान के आधार पर बेरहमी से मार दिया गया। और इससे भी ज़्यादा अफसोस की बात यह है कि इस नफरती घटना को अंजाम देने वाले लोग सोशल मीडिया पर धार्मिक नारों के साथ अपनी वाहवाही कर रहे हैं और खुलेआम धमकियां दे रहे हैं। हम भारतीय संविधान में विश्वास रखने वाले नागरिक, इस कायराना और अमानवीय कृत्य की घोर निंदा करते हैं और सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों को अविलंब गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए ताकि देश में भाईचारे की भावना बनी रहे और भविष्य में कोई ऐसी हरकत करने की हिम्मत न कर सके। भारत विकास की राह पर अग्रसर है और ऐसे नफरत फैलाने वाले कृत्य न केवल हमारी सामाजिक एकता को चोट पहुंचाते हैं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश की छवि को भी धूमिल करते हैं। हम एकजुट होकर हर ऐसी ताकत की निंदा करते हैं जो देश की एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे को नुकसान पहुंचाना चाहती है।

## सामान सहित दो बाइक जलकर खाक

# बतौली व मैनपाट क्षेत्र के दो घरों में लगी भीषण आग



घटना में बची दादी-पोती, इनसेट में जले बाइक व सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

जिले में पारा बढ़ने से अब गर्मी ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। जिस तरह से भीषण गर्मी पड़ रही है उसी तरह अब आगजनी की घटनाएं भी बढ़ गई है। बीती रात बतौली एवं मैनपाट क्षेत्र में दो घरों में भीषण आग लग गई। बतौली क्षेत्र में हुई आगजनी की घटना पर घर में आग लगाने की संभावना जताई जा रही है। इधर घरों में आग लगने से सामान सहित दो बाइक जलकर खाक हो गई। जबकि घर में सो रही दादी-पोती ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। आगजनी से एक लाख से अधिक के सामान को नुकसान हुआ है।

**खास बात**

- आग की चपेट में आने से बाल-बाल बचे लोग

बतौली क्षेत्र के पहाड़ी कोरवा ग्राम मूर्ताडांड में शुक्रवार रात 2 बजे पहाड़ी कोरवा ढरकोबाई पति स्व. जगरनाथ ( 70 वर्ष) के घर में अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा दी। जबकि घर मालिक ढरकोबाई अपनी 12 वर्षीय पोती पुष्पा के साथ घर में सो रही थी। इसी बीच आग से घर सहित दो बाइक के जलने तथा टायर फटने की आवाज सुनाई देने पर सो रही ढरको बाई की नींद खुल गई। घर का नजारा देख वृद्धा की होश उड़ गई। घरो में आग फैल जाने पोती पुष्पा को उठा कर हिम्मत दिखाकर किसी तरह बाहर निकले और घर में आग लग जाने पर शोर मचाने लगी। देर रात वृद्धा की आवाज सुन पास ही दूसरे घर में रह रहे परिवार सहित गांव के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग पर काबू पा सके। लोगों ने जब तक आग पर काबू पाया इससे पहले ही घर के दो बाइक सहित अन्य सामान पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। घर के लकड़ी जलने से खपड़ा भी टूटकर कर गिर गए जिससे ढरको बाई को आगजनी से काफी नुकसान हुआ है।

### मदद की लगाई गुहार

ढरको बाई ने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। साथ ही घर में जो व्यक्ति आग लगाया है उसकी पहचान कर उसके विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। ढरको बाई का कहना है कि अगर समय रहते नींद नहीं खुलती तो सामान के साथ वे भी अपनी पोती के साथ जल सकते थे।

### साहस और धैर्य से बची जान

घर में आग लग जाने पर 70 वर्षीय पहाड़ी कोरवा महिला ढरको बाई आग को देखकर काफी डर गई थी। यहां तक की उसकी मुंह से आवाज नहीं निकल रहा था। लेकिन वृद्धा ने साहस और धैर्य का परिचय देते हुए अपनी और पोती पुष्पा की जान बचाई।

### हर संभव की जाएगी मदद

घर में आग लगने से महिला को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। महिला की हर संभव मदद की जाएगी। पटवारी द्वारा घटना की जांच व कागजी कार्रवाई पूर्ण होने के बाद राहत राशि प्रदान की जाएगी।

-तारा सिदार, तहसीलदार बतौली

## घर में आग लगने से सामान जलकर राख

**मैनपाट।** विकासखंड मैनपाट के ग्राम उरंगा निवासी कपिल दास आ. धनी दास के घर शुक्रवार की देर शाम भीषण आग लग गई। गनीमत था जिस पर घर में आग लगी उस से परिवार के लोग पड़ोसी के यहा भोजन करने गए थे नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। आगजनी से घर के छप्पर के अलावा कमरे में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गई।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात तकरीबन 8.30 बजे कपिल दास सहित परिवार के सभी सदस्य बगल वाले घर में भोजन कर रहे थे। इसी बीच शॉट सर्किट होने से घर में आग लग गई। मिट्टी का घर होने की वजह से आज की लपटें तेजी से फैल गई और कुछ ही देर मे घर में उपयोग के सभी सामान व घर के छप्पर में लगे कंडी जलकर खाक हो गई। घर में आग लगने की जानकारी लगते ही परिवार एवं आसपास के लोगों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया किंतु पानी की कमी एवं आग बुझाने के संसाधन न होने के कारण सभी मूकदर्शक बनकर अपने घर को जलता देखने को मजबूर थे। इसी बीच घर के लोग व पड़ोसियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक घर में रखे सामान जलकर खाक हो चुकी थी।



घर में लगी आग।

**नहीं पहुंची डायल 112**

घर में आग लगने तथा आग बुझाने के लिए पानी सहित अन्य संसाधन नहीं होने गांव के लोगों ने मदद के लिए डायल 112 को फोन कर घटना की जानकारी दी। साथ ही दमकल विभाग को सूचना देने की बात कही। इधर न तो डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और अम्बिकापुर स्थित दमकल विभाग को सूचना देना मुनासिब समझा। ऐसे मे गरीब परिवार द्वारा बरसात के मौसम में कमाया हुआ धान जिसे परिवार के लोग भरण पोषण कर रहे थे वह भी आगजनी में जलकर खाक हो गई।




### जिला स्तरीय स्काउट गाइड समीक्षा बैठक में राज्य आयुक्त ने की बच्चों की सराहना

**अम्बिकापुर।** स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य आयुक्त सोमनाथ के सूरजपुर में प्रथम आगमन एवं जिला स्तरीय समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुआ। उन्होंने जिले में स्काउटिंग गतिविधियों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग देशभक्ति एवं अनुशासन का पर्याय है,जो छात्र इस संस्था से जुड़ जाता है उनमें स्वमेव देशप्रेम की भावना,अनुशासन, सहयोग की भावना, समाज के प्रति सहयोग एवं सुरक्षा आदि अनेक सकारात्मक भावनाएं अपने आप जागृत हो जाती हैं। स्काउटिंग क्षेत्र में आने एवं स्काउट यूनिफार्म पहनने के बाद किसी भी व्यक्ति के मन मे आपसी प्रेम, सहयोग, सुरक्षा, समानता का भाव जागृत हो जाता है। स्काउट के जो नियम है उसे पढनें एवं उसे समझने मात्र से व्यक्ति के मन में भावनाये जागृत होने लगती हैं,खास कर बच्चों में। उन्होंने जिले के पदाधिकारियों से कहा कि स्काउटिंग को अधिक से अधिक स्कूलों तक पहुंचाने एवं बच्चों को राज्यपाल अवार्ड, राष्ट्रपति अवार्ड दिलाने पर जोर दें। समीक्षा बैठक के दौरान सरगुजा जिले के जिला आयुक्त श्री बग्गा, डीओसी त्रिभुवन एवं अन्य उपस्थित थे।

## अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत मोतियाबिंद के 16 मरीजों का हुआ सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आईओएल सेंटर में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेत्र संबंधी रोगों की जांच एवं प्रभावित लोगों का उपचार किया गया।

- मेडिकल कॉलेज से आये नेत्र विभाग की टीम ने किया सफल इलाज

विदित हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र से जुड़ी बीमारियों के उपचार हेतु अंधत्व नियंत्रण अभियान शुरू की गई है। इस व्यवस्था के तहत पहले चरण में नेत्र संबंधी बीमारियों से ग्रसित दस मरीजों का उपचार किया गया। मेडिकल कॉलेज से आई नेत्र विशेषज्ञ डॉ. रजत टोप्पो एवं उनकी टीम द्वारा सभी मरीजों का उपचार किया गया। उपचार के बाद नेत्र सहायक की निगरानी में सभी मरीजों




को तीन दिनों तक हॉस्पिटल में भर्ती रखा गया था। भर्ती के दौरान मरीजों की नेत्र संबंधी रोगों में सुधार होते ही तीन दिनों बाद सभी को छुट्टी दे दी गई थी। अंधत्व नियंत्रण अभियान के दूसरे चरण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आईओएल सेंटर में मोतियाबिंद से पीड़ति लोगों का उपचार किया गया। इसमे कुल 16 मरीजों का नेत्र परीक्षण के बाद मोतियाबिंद शिविर के तहत नेत्र ऑपरेशन किया गया। मेडिकल कॉलेज से आई नेत्र विशेषज्ञ एवं उनकी टीम ने मोतियाबिंद के मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। इस दौरान नेत्र सहायक अधिकारी आर के घृतकर मो शाहिद हुसैन अंजू भगत एवं अरुणा समेत स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। इस संबंध में बीइओ ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब नेत्र से जुड़ी बीमारियों के उपचार की सुविधा बहाल हुई है। यह सुविधा बहाल होने से नगर समेत क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ भी मिलना शुरू हो गया है। भविष्य में इस सुविधा को और ज्यादा बेहतर बनाया जा सके। इस प्रयास में लगा हुआ हूं ताकि मरीजों को नेत्र से जुड़ी बीमारियों के लिए ज्यादा भटकना मत पड़े।

## बंद पड़ी खदान में राखड़ डंपिंग कार्य में लापरवाही बरतने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक बिश्रामपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव पंकज कुमार गर्ग ने एसईसीएल एवं जिला प्रशासन को पत्र लिखकर बंद पड़ी खदान में राखड़ डंप के कार्य में घोर लापरवाही बरते जाने की शिकायत की है।

- राखड़ डस्ट से हो रहे वायु प्रदूषण से लोगों में बढ़ रहा सांस सम्बन्धी रोग होने का खतरा

शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि ओसीएम बिश्रामपुर की बंद पड़ी खदान में राखड़ डम्पींग व परिवहन में लगे ट्रकों द्वारा फटे तिरपाल का उपयोग कर राखड़ परिवहन कार्य किया जा रहा है। राखड़ खाली करने पश्चात जब ट्रक मुख्य मार्ग पर वापस होती है तो उसके बॉडी एवं डाला में लगे राख से सड़क एवं हवा में भारी मात्रा में राखड़ डस्ट का उत्सर्जन होता है, जिससे सड़क, शहर, कॉलोनी एवं एसईसीएल क्षेत्र प्रदूषण हो रहा है, उक्त परिवहन कार्य में सावधानी को भी नजरअंदाज किया जा रहा है,एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग ने पत्र में उल्लेख किया है कि राखड़ डस्ट से हो रहे प्रदूषण को रोकने हेतु सड़क में पानी का छिड़काव किया जाना चाहिए। इसके अलावा राखड़ खाली होने पश्चात वाहन को पूरी तरीके से धोया जाए एवं डंपिंग हुए स्थान को मिट्टी से भरा जाना चाहिए। साथ ही जब तक राखड़ से हो रहे प्रदूषण को रोकने के समुचित उपाय नहीं हो जाते हैं, तब तक राखड ट्रांन्सपोर्ट एवं डंपिंग कार्य को रोक दिया जाना चाहिए। इस समस्या के निराकरण हेतु अगर कोई ठोस कदम शीघ्र नहीं उठाए जाएंगे तो राखड़ डस्ट के प्रभाव से बच्चे एवं बुजुर्गों तथा अन्य लोगों को फेफड़े व सांस सम्बन्धी बीमारियां से गुजरना पड़ेगा।

# स्वैच्छिक संगठनों ने आतंकवादी हमले के दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले में हिंदू पर्यटकों की निर्मम हत्या के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए गैर सरकारी संगठनों, स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं एवं आध्यात्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने घड़ी चौक स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रतिनिधियों ने हाथों में जलती मोमबत्तियां तथा आतंकवाद के खिलाफ नारे लिखे हुए तख्तियां लेकर दिवंगत लोगों को दो मिनट की श्रद्धांजलि अर्पित की। बीके विद्या बहन ने कहा कि वास्तव में धार्मिक मतभेद एवं नकारात्मक सोच के कारण इतनी बड़ी-बड़ी घटनाएं घटित हो रही है। कोई भी धर्म आपस में लड़ने की अनुमति नहीं देता। अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि आतंकवादी हमला सिर्फ भारतीय हिन्दूओं पर हमला नहीं बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। आतंकवाद को खत्म करने के लिए भारत सरकार कड़े से कड़े कदम उठाए। सुश्री वंदना दत्ता ने कहा कि पर्यटकों की निर्मम हत्या से हम सभी आहत हैं। धार्मिक मतभेद फैलाकर देश को अमन चैन से नहीं रहने देने बाह्य शक्तियों की साजिश हो सकती है। वरिष्ठ समाजसेवी मंगल पाण्डेय ने कहा कि घटना से आहत जन समुदाय शांति और धैर्य के साथ इस तरह की आतंकवादी घटनाओं का सामना करें। आर्ट ऑफ लिविंग के अजय तिवारी ने कहा कि भारत ही नहीं पूरा विश्व इस तरह की घटना से मर्माहत हुआ है। इस दौरान अधिवक्ता विजय शंकर तिवारी, विजय उपाध्याय, सुनिधि शुक्ला, हिना खान आदि उपस्थित थे।



### आतंकवादी हमले में मारे गए नागरिकों को दी गई श्रद्धांजलि

कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस अमानवीय घटना के विरोध में भाजपा विधिक प्रकोष्ठ द्वारा जिला न्यायालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। ऐसे हमले समूचे राष्ट्र को एकजुट होकर आतंकवाद के विरूद्ध दृढ़ संकल्पित होने की प्रेरणा देते हैं। अधिवक्ता अशोक दुबे ने कहा कि भाजपा विधिक प्रकोष्ठ देश की सुरक्षा, अखंडता और शांति के लिए न्याय के पथ पर सतत कार्य करता रहेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकवादी हमले के दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान श्रवण गुप्ता, उदय सिन्हा, सतीश मिश्रा, धनंजय मिश्रा, आशा तिवारी, आशा जायसवाल, रेखा सोनी, अनुराधा ध्रुव, उर्मिला दुबे, मानो शर्मा, कृष्णा विश्वकर्मा, प्रियेश सिंह, पूजा बारी, कु.लीला सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।



### एसजीजीयू के अधिकारी-कर्मचारियों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में मंगलवार को 26 पर्यटकों की गोली मारकर निर्मम हत्या करने से पूरा देश आहत है। संत गहिरा गुरू विवि के भकुरा परिसर में गुरूवार को शोकसभा आयोजित कर हमले में मृत देशवासियों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की तथा हमले में गंभीर रूप से घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की। इस दौरान कुलपति डॉ.पीपी सिंह, कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी, शिक्षण विभाग के अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



### आतंकी हमले में मृत लोगों को दी गई श्रद्धांजलि

श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये भारतीयों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि धर्म पूछकर निहत्थे पर्यटकों की हत्या करना बहुत ही दुखद है। ये आतंकी और उनके आका कश्मीर की अर्थव्यवस्था को निशाना बना रहे हैं। आतंक की फैक्ट्री चलाने वाले चाहते हैं कि कश्मीर में बेरोजगारी बढ़े और उन्हे आतंक की फैक्ट्री चलाने का अवसर मिले। पहली बार पर्यटकों पर हमला हुआ जिससे कश्मीर के पर्यटन उद्योग को धक्का लगा है। पाकिस्तान पोषित आतंकी संगठनों का करारा जवाब भारतीय सेना, भारत सरकार और देश की 140 करोड़ जनता देगी। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा के लिए प्रार्थना की गयी। सभा में सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।



### बंग समाज ने मृतात्माओं को दी श्रद्धांजलि

**बिश्रामपुर/मदनपुर।** छत्तीसगढ़ बंग समाज कल्याण समिति ने पहलगाम में आतंकी हमला कर निर्दोष लोगों को हत्या किए जाने के विरोध में समाज के प्रतिनिधि एकत्र होकर आतंकवाद के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव पारित कर मृतात्माओं की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर सभी को श्रद्धांजलि दी तथा मोमबत्ती जलाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामू घोष ने आतंकी घटना की घोर निंदा करते हुए केंद्र सरकार से आह्वान किया है कि इसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाये। सरकार जो भी कार्रवाई करेगी, बंग समाज सरकार के फैसले के साथ है। सभा को शिवशंकर दास, सुशांत घोष, पुलिन मंडल, बासु सरदार, सुमन सिकदार, अरुण बनिक, हरिदास महलदार ने भी संबोधित कर आतंकवादी घटना की निंदा करते हुए कठोर कार्यवाही की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही शोक संतप्त परिवारों को सरकार के सहयोग मिलने की उम्मीद जताई। श्रद्धांजलि सभा में शैलेंद्र मंडल, निरंजन विश्वास, गोपाल हालदार, जगदीश मंडल, विजय राय, सुदाम सरकार, नरेश विश्वास, कमल चौधरी, राजू घोष, अमित जैन, दिलीप घोष, संजय विश्वकर्मा उपस्थित रहे।



### जुमे की नमाज के बाद किया आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन

**लखनपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में मुस्लिम समाज द्वारा जुमे की नमाज के बाद आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। बता दें कि पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने पर्यटकों पर हमला कर 26 लोगों की हत्या कर दी। इस घटना को लेकर देशभर में आक्रोश है। घटना को लेकर शुक्रवार को मुस्लिम समाज द्वारा आक्रोश जताते हुए जुमे की नमाज के बाद जामा मस्जिद लखनपुर बाहर सड़क के पास विरोध जताते हुए आतंकवाद के खिलाफ आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारेबाजी करते हुए विरोध जताया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने सरकार से मांग की है कि बेगुनाहों पर गोलियां बरसाने वाले आतंकवादियों की पहचान पर उनसे बदला लिया जाए। मुस्लिम समाज ऐसे मानवता के दुश्मन आतंकवादी के खिलाफ हमेशा है खड़ा रहेगा। इस दौरान मौलाना हसन रफीक खान, हाफिज शाकिर अंसारी, समीम खान, जसीम खान, शराफत अली, शानू खान, इनायत अंसारी, नुसरत खान, इलाहीद खान, साजिद खान, मतीन अख्तर, साबिर अंसारी, शाहिद, शमीम खान बल्लू, महफूज हैदर, इमरान अंसारी, शेरा आदि मौजूद रहे।

27-April- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/27/2025 8:06 PM Page 1




# श्रेयस और तुषार की फिल्म 'कपकपी' का टीजर जारी...



**मुंबई।** अभिनेता श्रेयस तलपड़े काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'कपकपी' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिर में श्रेयस के साथ तुषार कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'गोलमाल 3' और 'गोलमाल रिटर्न्स' के बाद यह श्रेयस और तुषार के बीच तीसरा सहयोग है। अब निर्माताओं ने 'कपकपी' का टीजर जारी कर दिया है, जो हॉरर और कॉमेडी से भरपूर है। हमेशा की तरह श्रेयर और तुषार की अदाकारी को काफी पसंद किया जा रहा है। 'कपकपी' को 23 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का दर्शक काफी समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो अब जल्द खत्म हो जाएगा। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा,

## लाइफ Style

# मृणाल
## हाथ लगी एटली की 800 करोड़ी फिल्म



'पुष्पा 2' की जबरदस्त सफलता के बाद अल्लू अर्जुन ने 'जवान' के निर्देशक एटली के साथ हाथ मिलाया है। इस फिल्म से जुड़ीं अब तक कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं और अब खबर है कि फिल्म में अल्लू के साथ मृणाल ठाकुर को साइन कर लिया गया है।

एजेंसी ⏩ मुंबई

फिल्म में 3 अभिनेत्रियां नजर आएंगी। इनमें में एक के लिए मृणाल के नाम पर निर्माताओं की मोहर लग चुकी है। पीपिंगमून की रिपोर्ट के मुताबिक, मृणाल ने कल मुंबई के एक स्टूडियो में फिल्म की तीन मुख्य अभिनेत्रियों में से एक की भूमिका निभाने के लिए लुक टेस्ट दिया। फिल्म में वह अल्लू के साथ रोमांस करती दिखेंगी। उनका लुक फिल्म में एकदम हटके होगा। उधर अन्य अभिनेत्रियों के लिए दीपिका पादुकोण और जाह्नवी कपूर के नाम पर विचार किया जा रहा है। जाह्नवी फिल्म साइन करने के बेहद करीब हैं, वहीं दीपिका के साथ बातचीत अब भी जारी है।

***पूरी हो गई मृणाल की ख्वाहिश :*** अल्लू-मृणाल दोनों एक-दूसरे के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। इससे पहले अल्लू ने मृणाल की फिल्म 'हाय नाना' को खूब सराहा था और अभिनेत्री के अभिनय पर भी जमकर प्यार लुटाया था। फिल्म देखने के बाद अल्लू न सिर्फ इसकी कहानी, बल्कि इसमें मृणाल के अभिनय और उनके अंदाज के भी मुरीद हो गए थे। उधर एक इंटरव्यू में मृणाल ने कहा था कि वह अल्लू की प्रशंसकों में शुमार हैं और उनके साथ काम करना चाहती हैं।

## हॉलीवुड मसाला

# पैपराजी से परेशान सिंगर बीबर



**लॉस एंजिल्स।** रोजाना ही पैपराजी सिंगर जस्टिन बीबर का पीछा करते हैं, उनकी वक्त-बेवक्त तस्वीरें लेते हैं। इस बात से सिंगर जस्टिन बीबर तंग आ चुके हैं। इस बारे में जस्टिन बीबर ने सोशल मीडिया पर अपना पक्ष रखा है। क्या बोले जस्टिन बीबर जानिए? हाल ही में जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें कुछ पैपराजी जबरदस्ती उनकी तस्वीरें ले रहे हैं। फिर पैपराजी को सिंगर की सिक्योरिटी टीम पीछे हटने के लिए कहती है, इसके बावजूद वे लोग मानते नहीं है।



# 11 जनवरी को होगा 'गोल्डन ग्लोब्स' का आयोजन...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो में से एक, गोल्डन ग्लोब्स का 83वां संस्करण 11 जनवरी 2026 को बेवर्ली हिल्टन में आयोजित होगा। आयोजकों ने हाल ही में इसकी घोषणा की। मशहूर कॉमेडियन निक्की ग्लेसर एक बार फिर इस शो की मेजबानी करेंगी। 2025 में निक्की ने गोल्डन ग्लोब्स की पहली सोलो महिला होस्ट बनकर इतिहास रच दिया था। अब वह 2026 में दोबारा यह जिम्मेदारी संभालने के लिए उत्साहित हैं। आयोजकों के अनुसार साल की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों और टीवी शोज के लिए नामांकन की घोषणा 8 दिसंबर 2025 को होगी। वैराइटी की रिपोर्ट के मुताबिक अवॉर्ड्स का पूरा शेड्यूल जल्द ही जारी किया जाएगा। निक्की ने अपने बयान में मजाकिया अंदाज में कहा, इस साल गोल्डन ग्लोब्स की मेजबानी मेरे करियर का सबसे मजेदार अनुभव था।

# प्रभास की होरोइन, बोली मैं पाकिस्तानी नहीं



**मुंबई।** 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दुखद घटना को लेकर देशभर के लोगों में आक्रोश भरा हुआ है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रभास की फिल्म 'फौजी' पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। दरअसल, फिल्म की हीरोइन ईमान इस्माइल हैं, जो पाकिस्तान मिलिट्री अफसर की बेटी हैं। ईमान इस वक्त लोगों के निशाने पर हैं। अब उन्होंने लंबा-चौड़ा पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी है। 'फौजी' के जरिए ईमान अभिनय की दुनिया में कदम रख रही है। ईमान ने लिखा, 'सबसे पहले मैं पहलगाम में हुई दुखद घटना के लिए अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करना चाहती हूं। मेरा दिल उन सभी लोगों के लिए दुखी है, जिन्होंने अपनी जान और अपनों को खोया।

# मिला श्री श्रीरविशंकर का किरदार...



**मुंबई।** विक्रांत मैसी ने यूं तो छोटे पर्दे से ही घर-घर में अपनी पहचान बना ली थी, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में काफी लंबे वक्त तक खुद को घिसने के बाद विक्रांत ने वो शोहरत हासिल कर ही ली, जो कई लोगों का आज भी सपना है। विक्रांत के अगले प्रोजेक्ट का लोगों को बेसब्री से इंतजार है और अब इस खबर पर पक्की मोहर लग चुकी है कि विक्रांत आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाने जा रहे हैं। सिद्धार्थ आनंद करेंगे फिल्म का निर्माण फिल्म का नाम 'व्हाइट' है। मोंटू बैसिस को इसके निर्देशन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिद्धार्थ आनंद और महावीर जैन ने इस अंतरराष्ट्रीय थ्रिलर फिल्म के प्रोडक्शन की कमान संभाली है। श्री श्री रविशंकर के जीवन से प्रेरित इस फिल्म में उनकी जीवन यात्रा को दिखाया जाएगा। ज

## टीवी मसाला

# एक्टिंग का लगा चस्का तो मां ने घर से निकाला, पिता ने की थी बहुत पिटाई...

**नई दिल्ली।** दिग्गज एक्ट्रेस उषा नाडकर्णी को टीवी शो 'पवित्र रिश्ता' में सविता देशमुख का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। उन्होंने पर्दे पर अपने किरदारों से फैंस को दिलों को खूब जीता, लेकिन उनका सफल होने का सफर कभी आसान नहीं रहा। हाल ही में उषा नाडकर्णी ने अपने करियर की शुरुआत में संघर्षों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि 18-19 साल की उम्र में एक्ट्रेस बनने का फैसला करने पर उनकी मां ने उन्हें घर से निकाल दिया था। उनके पिता ने उनकी खूब पिटाई की थी।



***बहुत पिटाई, 'पवित्र रिश्ता' की एक्ट्रेस का खुलासा :*** भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट पर ऊषा नाडकर्णी ने बताया, 'पापा को इतनी प्रॉब्लम नहीं थी, लेकिन मां को अच्छा नहीं लगता था। वो टीचर थीं ना। मां के हिसाब से यह सही नहीं था। प्ले में टाइम नहीं मिलता था, कभी भी आना-जाना लगा रहता था। एक दिन मां ने मेरे सारे कपड़े उठाकर घर के बाहर फेंक दिए और कहा कि कि ड्रामा करना है, तो हमारे घर से निकल जा।

***घर छोड़कर चली गई थी उषा नाडकर्णी :*** ऊषा नाडकर्णी ने आगे बताया कि, 'मैं भी बहुत गुस्से में थी। मैंने अपने सारे कपड़े उठाए ग्रांट रोड ईस्ट गई, वहां से एक बैग खरीदा, कपड़े भरे और मेरी एक सहेली थी, जो मेरे साथ काम करती थी, उसके घर चली गई। फिर पापा मुझे ऑफिस में ढूंढने के लिए आए थे। तब मेरी शादी नहीं हुई थी। मैं 18-19 साल की थी।

### पिता को पसंद नहीं था उषा का डांस करना

उषा नंदकर्णी ने अपने टीनएज के दिनों का किस्सा याद किया, जब उन्होंने लता मंगेशकर द्वारा आयोजित गणपति उत्सव के दौरान डांस किया था। ये उत्सव सड़कों पर होते थे और उषा को इनमें हिस्सा लेने में बहुत खुशी मिलती थी, लेकिन उनके पिता को यह बिल्कुल पसंद नहीं था।

### उषा को पीटते हुए घर लाए थे पिता

उन्होंने कहा, 'पापा मुझे वहां ढूंढने के लिए पहुंचे और मारते हुए घर लेकर आए थे। उन्होंने मेरी बहुत पिटाई की है। हम दो भाई, दो बहन थे। जब पापा किसी एक को पीटना शुरू करते थे, तो बाकी तीन भाग जाते थे। हाल ही में ऊषा नाडकर्णी ने कुकिंग बेस्ड रियलिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ इंडिया' पर नजर आई थी।

# अरिजीत सिंह बॉलीवुड के सबसे महंगे गायकों में हैं शामिल

**मुंबई।** भारत के जाने-माने गायक अरिजीत सिंह आज यानी 25 अप्रैल को अपना 38वां जन्मदिन मना रहे हैं। वह आज के दौर के सबसे प्रसिद्ध गायकों में से एक हैं। उनकी आवाज का हर कोई दीवाना है। वह जहां कहीं भी परफॉर्म करते हैं, वहां जमकर लोगों की भीड़ जुटती है। अरिजीत बॉलीवुड के सबसे महंगे गायकों में से एक हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं वह एक गाने के लिए कितनी फीस लेते हैं।

### अरिजीत की फीस

एक रिपोर्ट के अनुसार, अरिजीत एक गाने के लिए 18 से 20 लाख रुपये तक चार्ज करते हैं। बड़े बैनर की फिल्मों के लिए उनकी फीस और ज्यादा हो सकती है। रिपोर्ट्स की मानें तो अगर अरिजीत किसी लाइव कॉन्सर्ट में प्रस्तुति देते हैं तो वह आयजकों से 50 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये तक लेते हैं। उधर, अरिजीत की कुल संपत्ति 414 करोड़ रुपये बताई जाती है।

### इस गाने से रातों-रात चमकी किस्मत



अरिजीत ने गायकी जगत में अपने करियर की शुरुआत साल 2005 में रियलिटी शो 'फेम गुरुकुल' से की थी। अरिजीत अब तक 'फिर मोहब्बत', 'चन्ना मेरेया', 'कबीरा', 'दुआ', 'मुस्कुराने की वजह' और 'सोच न सके' तक कई गानों में अपनी आवाज से लोगों को अपना दीवाना बना चुके हैं, लेकिन 'आशिकी 2' के गाने 'तुम ही हो' ने अरिजीत को रातों-रात स्टार बना दिया था। गाने में उनकी आवाज में लोगों को दर्द और मोहब्बत दोनों महसूस हुई।

# ये हैं इमरान हाशमी की सबसे कमाऊ फिल्म...

**मुंबई।** इमरान हाशमी इन दिनों खूब चर्चा में हैं और हों भी क्यों ना, उनकी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' सिनेमाघरों में जो रिलीज हो गई है। फिल्म में इमरान डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र नाथ दुबे की भूमिका में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली है, वहीं इमरान की अदाकारी ने हमेशा की तरह दर्शक का दिल जीत लिया है। आइए इस कड़ी में हम आपको इमरान की सबसे कमाऊ फिल्म के बारे में बताते हैं।

### 'द डर्टी पिक्चर' है सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

इमरान की सबसे कमाऊ फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' है, जो 2 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई थी। फिल्म में इमरान के साथ विद्या बालन, नसीरुद्दीन शाह और तुषार कपूर ने काम किया था। मिलन लुथरिया ने फिल्म का निर्देशन किया था। 28 करोड़ रुपये की लागत में बनी 'द डर्टी पिक्टर' ने भारत में 79.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं दुनियाभर में यह फिल्म 116.55 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

### बॉक्स ऑफिस पर छापे इतने करोड़

### कुछ है फिल्म की कहानी



'द डर्टी पिक्चर' एक बायोपिक फिल्म है। इसकी कहानी 1980 के दशक की दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सिल्क स्मिता के जीवन से प्रेरित है। फिल्म में सिल्क का किरदार विद्या ने निभाया था। फिल्म की हीरोइन रेश्मा (विद्या) स्टार बनने का सपना लेकर चेन्नई आती है। करियर की शुरुआत में उसे अस्वीकृति का सामना करना पड़ता है, लेकिन कड़ी मेहनत के बाद वह एक डांसर के रूप में खुद को इंडस्ट्री में स्थापित करती है।

## ओटीटी पर सैफ अली खान दर्शकों का मनोरंजन बढ़ाने के लिए तैयार हैं

# 'ग्राउंड जीरो' से 'ज्वेल थीफ' तक, इस हफ्ते ये आपके मनोरंजन का डोज

*मुंबई। अप्रैल का यह आखिरी हफ्ता सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि कई ऐसी फिल्में दर्शकों के बीच आ गई हैं, जो पिछले कुछ समय में खूब चर्चा में रहीं और जिनका इंतजार दर्शक बेसब्री से कर रहे थे। जहां सिनेमाघरों में इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी दर्शकों के बीच अपनी-अपनी फिल्म लेकर हाजिर हो गए हैं, वहीं ओटीटी पर सैफ अली खान दर्शकों का मनोरंजन बढ़ाने के लिए तैयार हैं।*



**'फुले':** निर्देशक अनंत महादेवन की फिल्म 'फुले' 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में आई है। फिल्म में प्रतीक गांधी, दर्शील सफारी और पत्रलेखा अहम किरदारों में हैं। ये कहानी है महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्री बाई फुले की। ज्योतिबा फुले ने समाज के खिलाफ जाकर पहले अपनी पत्नी को पढ़ाया और फिर समाज की लड़कियों को पढ़ाना शुरू किया। न सिर्फ इस फिल्म की कहानी, बल्कि इसमें पत्रलेखा और प्रतीक के अभिनय की भी तारीफ हो रही है।



**'ग्राउंड जीरो':** इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' भी 25 अप्रैल को ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म की कहानी बीएसएफ के अधिकारी नरेंद्र नाथ धर दुबे (इमरान) के जीवन पर आधारित है। यह कहानी 2001 श्रीनगर में सेट की गई है, जहां आतंकी लगातार जवानों को अपनी गोली का शिकार बना रहे हैं। तेजस प्रभा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में सई ताम्हणकर ने भी अहम भूमिका निभाई है। फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।



**'ज्वेल थीफ':** सैफ अली खान ओटीटी पर फिल्म 'ज्वेल थीफ' लेकर आ गए हैं। उनकी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 25 अप्रैल को रिलीज हुई है। सैफ के अलावा इस फिल्म में जयदीप अहलावत, अभिनेत्री निकिता दत्ता और कुणाल कपूर नजर आ रहे हैं। फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। कुकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल ने इस फिल्म का निर्देशन किया है और सुमित अरोड़ा ने फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म में चोरी की एक कहानी दिखाई गई है।



**'अंदाज अपना अपना':** आमिर खान और सलमान खान की फिल्म अंदाज अपना अपना एक बार फिर 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, परेश रावल और शक्ति कपूर भी अहम भूमिका में थे।




**'क्रेजी' और 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव':** अभिनेता सोहम शाह की फिल्म 'क्रेजी' 28 फरवरी को सिनेमाघरों में आई थी, जिसमें उनके काम को तो काफी सराहा गया। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कोई कमाल नहीं कर पाई। अब 'क्रेजी' ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी है। उधर जोया अख्तर के निर्देशन में बनी दुनियाभर में वाहवाही लूट चुकी फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' भी अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी है। आदर्श गौरव और विनित कुमार सिंह इसमें मुख्य भूमिका में हैं।

## खबर संक्षेप

### रोशनी बिखेर रही मस्जिद की मीनार



**बैकुण्ठपुर।** शहर के कुमार चौक के निकट मुख्य मार्ग किनारे स्थित मस्जिद की मीनार इन दिनों रात्रि में रंग-बिरंगी रोशनी बिखरेती है, जहां रात्रि में रोशनी और दूर से नजारा देखने को मिलता है।

### कुमदा सहक्षेत्र के नए सब एरिया मैनेजर ने संभाला पदभार

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सहक्षेत्र के नए सब एरिया मैनेजर बिजॉय कुमार ने आज शनिवार को क्षेत्रीय मुख्यालय में आकर अपनी आमद दे दी है ,यहां के बाद वे सीधे सहक्षेत्र प्रबंधक कार्यालय पहुंचे और अपना कार्यभार संभाला।बता दें कि यहां पर पदस्थ सब एरिया मैनेजर वाई सिनाई का तबादला पिछले दिनों नारोजाबाद कंचन जोहिला सहक्षेत्र प्रबंधक के पद पर हो जाने बाद उनकी जगह कुसमुंडा क्षेत्र में पदस्थ बिजॉय कुमार को कुमदा बलरामपुर का नया सब एरिया मैनेजर नियुक्त किया गया है।नए सब एरिया मैनेजर ने आज शनिवार को पदभार संभालते हुए सहक्षेत्र के अधिकारियों की परिचय बैठक लेकर कोल उत्पादन विषय पर चर्चा की है।

### सशिमं लखनपुर को प्रदान की नई स्कूल बस

**अम्बिकापुर।** लखनपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आरआरवीयूएनएल द्वारा विद्यालय के लिए 20 सीटों वाली नई स्कूल बस प्रदान की गई। इसका उद्देश्य लखनपुर के आसपास के ग्राम भरतपुर, गणेशपुर, झंवरपारा, कोसांगा सहित अन्य ग्रामों के 82 बच्चों को आवागमन के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित कराना है। बस का लोकार्पण व हस्तांतरण मुख्य अतिथि आरआरवीयूएनएल के अतिरिक्त मुख्य अभियंता बाबूलाल वर्मा ने फीता काटकर और बस के दस्तावेज के साथ विद्यालय प्राचार्य श्रीमती मधू पांडे को सौंपकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबूलाल वर्मा ने कहा कि आरआरवीयूएनएल क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बस के संचालन से आसपास के ग्रामीण इलाकों से पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आवागमन का एक सुरक्षित सहायता उपलब्ध होगी। इस दौरान लालचंद बरेसाह, राम द्विवेदी आदि शामिल है।

### तेज अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना

# विक्षोभ के प्रभाव से बदली हवा की दिशा, गर्मी से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले एक सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी से 2-3 दिनों के लिए कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। शनिवार को ऊपरी आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के बावजूद पश्चिम की गर्म हवा के थपेड़े पूरे दिन झुलसाती रही। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से हवा की दिशा बदलने के साथ ही कहीं-कहीं धूल भरी आंधी चलने एवं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

**खास बात**

- विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही फिर बदलेगा मौसम

अपने सुहाने मौसम के लिए चर्चित सरगुजा में पिछले एक सप्ताह से दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर बना हुआ है। प्रारम्भ में तापमान में वृद्धि भी हुई लेकिन पिछले चार दिनों से दिन का तापमान 40.0 से 41.0 डिग्री के मध्य रहा है। वर्तमान में मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है तापमान 43.0 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। पिछले एक सप्ताह से राजस्थान से गर्म हवा के थपेड़े पहुंचने के कारण मध्य छत्तीसगढ़ के जिले लू की चपेट में है। बिलासपुर एवं रायपुर की तुलना में सरगुजा के दिन का तापमान काफी कम है इसके बावजूद पूरे दिन चल रही पश्चिम की गर्म हवा के प्रभाव से लोग बेहाल है। हालत यह है कि सुबह 8 बजते ही धूप इतनी तेज हो जा रही है कि बाहर निकलना मुश्किल हो जा रहा है। शाम 6 बजे के बाद सूर्यास्त होने पर गर्मी से कुछ राहत मिल रही है। इधर 24 अप्रैल को उत्तर भारत में सक्रिय विक्षोभ के प्रभाव से दोपहर में ऊपरी आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के कारण काफी देर तक धूप-छांव का दौर चलता रहा। बादलों की मौजूदगी के बावजूद दोपहर तक चिलचिलाती धूप निकलने एवं पूरे दिन पश्चिम की गर्म हवाएं चलने के कारण शनिवार को भी गर्मी से लोग बेहाल रहे। पूर्व में विक्षोभ के हिमालय से टकराकर कमजोर पड़ने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय द्रोणिका के प्रभाव से वातावरण में मौजूद नमी से विक्षोभ को ताकत मिली जिससे विक्षोभ का प्रभाव सरगुजा तक पहुंचा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार विक्षोभ का प्रभाव सीमावर्ती मध्यप्रदेश सहित मध्य छत्तीसगढ़ में अधिक प्रभाव है। देर रात विक्षोभ का प्रभाव सरगुजा संभाग में पहुंचने की संभावना है।



दोपहर में धूप से बचने छाता व तौलिया ओढ़ कर जातीं नर्सिंग की छात्राएं।

**बदली हवा की दिशा**

विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को देर शाम हवा की दिशा बदल गई है। अब पश्चिम की गर्म हवाओं का प्रवाह रूक गया है तथा दक्षिण की हवाएं चलनी शुरू हो गई है। अपने साथ राजस्थान की गर्मी लेकर आ रही पश्चिम की हवाओं के थमने से तापमान में 2-3 डिग्री तक की गिरावट आने के साथ ही गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विज्ञानी इस दौरान कहीं-कहीं धूल भरी आंधी चलने एवं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। दो-तीन दिन बाद विक्षोभ के कमजोर पड़ने पर फिर से हवा की दिशा बदल जाएगी तथा पश्चिम की गर्म हवाएं एक बार फिर अपनी ताकत दिखाएगी।

**द्रोणिका दे रही ताकत**

10 दिनों पूर्व सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय दो द्रोणिका अभी भी प्रभावशील है। द्रोणिका के प्रभाव से उड़ीसा स्थित समुद्र से पर्याप्त नमी पहुंच रही है जिससे विक्षोभ को ताकत मिल रही है। शनिवार को सुबह चिलचिलाती धूप निकलने के कारण पूर्व की तरह दिन का तापमान 40.6 डिग्री तक पहुंचा। हालांकि बादलों की सक्रियता के कारण शाम 5.30 बजे तापमान गिरकर 36.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विज्ञानी रविवार को आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पिछले चार दिनों से आंशिक उतार-चढ़ाव के साथ अधिकतम तापमान 40.0 से 41.0 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 19.0 से 21 डिग्री के मध्य रह रहा है। विक्षोभ के प्रभाव से रात के तापमान में वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है।



## क्रशर संचालन में अनियमितता पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

प्रशासन और राजस्व विभाग ने क्रशर खदान में बड़ी कार्रवाई की है। औचक निरीक्षण के दौरान क्रशर प्लांट में भारी पैमाने पर अनियमितता सामने आई है जिसके बाद टीम द्वारा क्रशर खदान को सील कर दिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

- ग्राम भेस्की में संचालित क्रशर को किया गया सील

बता दें कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर क्रशर प्लांट संचालित है। इन प्लांट में नियमों को ताक पर रखकर उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। मोटी कमाई के लिए बिना पिट पास के ही गिट्टी का परिवहन हो रहा है जबकि एक खदान के लाइसेंस पर अवैध रूप से दूसरे स्थानों से भी उत्खनन किया जा रहा है। इस बीच कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देश पर अवैध खनन एवं अवैध परिवहन गतिविधियों पर प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में विकासखंड राजपुर के ग्राम भेस्की में संचालित मा महामाया क्रशर को सील कर दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजपुर राजीव जेम्स कुजूर के नेतृत्व में राजस्व विभाग और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में पाया गया कि क्रशर संचालनकर्ता द्वारा क्रशर संचालन में अनियमितता बरती जा रही थी। गिट्टी क्रशर खदान को निर्धारित मापदंड के अनुरूप ना पाते हुए संयुक्त टीम के द्वारा राजपुर विकासखण्ड के ग्राम भेस्की में संचालित मां महामाया गिट्टी क्रशर द्वारा क्रशर संचालन में अनियमितता बरतने पर प्रशासन ने सख्ती से कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से सील कर दिया।

## केतकी खदान में कोल उत्पादन बढ़ाने एसईसीएल एसएमएस कम्पनी की मुख्यालय में हुई बैठक

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया के पहले एमडीओ मोड में संचालित होने वाले एसईसीएल बिश्रामपुर के केतकी भूमिगत खदान परियोजना में प्रबंधन के काफी समझाइश के बाद भी निजी कोयला खनन कंपनी एसएमएस खदान से कोयला उत्पादन बढ़ाने गंभीर प्रयास नहीं कर रहा है जिससे क्षेत्र कोल उत्पादन में लगातार पिछड़ रहा है।शनिवार को कंपनी मुख्यालय में केतकी खदान से कोयला उत्पादन बढ़ाने को लेकर एसईसीएल शीर्ष प्रबंधन और एसएमएस कंपनी प्रबंधन के बीच बिलासपुर मुख्यालय में बैठक संपन्न हुई। आयोजित बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधन और खदान के अधिकारियों को भी वीडियो कान्फ्रेंस में लेकर आवश्यक सुझाव उच्च प्रबंधन ने दिए हैं।बताया गया कि निजी कंपनी के द्वारा आगामी सात मई तक एक अतिरिक्त नई सीएम मशीन खदान में स्थापित कर कोल उत्पादन बढ़ाने का आश्वासन उच्च अधिकारियों को दिया गया है।प्राप्त जानकारी अनुसार ऐसा आश्वासन निजी कंपनी ने कई बार खदान के अधिकारियों को दिया है, कई बार चेतावनी मिलने के बाद भी निजी कंपनी कोयला उत्पादन बढ़ाने में रुचि नहीं दिखा रही।निजी कंपनी के उदासीन रवैए से खदान के अधिकारी भी परेशान है।बताया गया कि सुस्त कार्यशैली को लेकर एसईसीएल प्रबंधन एसएमएस पर अब पेनाल्टी सहित वर्क सस्पेंड पर भी विचार कर सकता है।

## पेयजल संकट समाधान के लिए जेसीबी के साथ पहुंचे ठेकेदार व अधिकारियों का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा कॉलोनी में पिछले चार दिनों से कॉलोनी वासियों को पेयजल के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।आज शनिवार को इस खबर के सामने आने के बाद कुमदा कॉलरी प्रबंधन सक्रिय हूआ है जिसके बाद जेसीबी मशीन लेकर सिविल विभाग के अधिकारी और ठेकेदार मौके पर सफाई करने व मिट्टी हटाने के लिए पहुंचे, इस दौरान स्थानीय ग्रामीण जो लीज एरिया में धान की खेती कर रहे हैं उन्होंने जेसीबी मशीन को मौके पर पहुंचने नहीं दिया जिस कारण विवाद की स्थिति बन गई।बताया जाता है कि कुमदा कॉलोनी में जल आपूर्ति के लिए क्वारी में पंप बैठा कर जल आपूर्ति प्रबंधन करा रहा है।स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्तमान में चार पांच दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बाद क्वारी का जलस्तर काफी नीचे चला गया है जिस वजह से जलापूर्ति में दिक्कत आ गई है।पिछले चार दिनों से कॉलोनी में पेयजल की समस्या आने के बाद आज शनिवार को जब दो क्वारी के बीच में पड़े मिट्टी व बोल्डर पत्थर को हटाने प्रबंधन के अधिकारी और ठेकेदार जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे तो उन्हें स्थानीय ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा।फिलहाल पंप स्थल की लेबरों के माध्यम से सफाई कराकर प्रबंधन ने दोपहर बाद कॉलोनी में पेयजल सप्लाई शुरू करा दी गई है।

- मजदूरों से मिट्टी व बोल्डर सफाई कराने पश्चात चार दिन बाद शाम को कुम्दा कॉलोनी की पेयजल आपूर्ति हुई बहाल



## नाबालिग वाहन चालकों के अभिभावकों पर की जाएगी कार्रवाई : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिले के नव पदस्थ एसएसपी राजेश अग्रवाल ने शुक्रवार को पत्रकारों से मुलाकात की। इस दौरान जिले में कानून व्यवस्था सहित पुलिसिंग को लेकर चर्चा की। इस दौरान एसएसपी श्री अग्रवाल ने कहा कि शहर में बेसिक पुलिसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही नाबालिग वाहन चालकों को समझाईस देने के बाद उनके अभिभावक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



- नव पदस्थ एसपी ने कहा बेसिक पुलिसिंग पर होगा फोकस

बता दें कि राज्य शासन द्वारा 2012 बैच के आईपीएस एसएसपी राजेश अग्रवाल की पदस्थापना सरगुजा जिले में की है। पदस्थापना के बाद एसएसपी श्री अग्रवाल ने 22 अप्रैल को ही अपना पदभार ग्रहण कर लिया था। पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी श्री अग्रवाल ने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरगुजा जिले में अपराध नियंत्रण में है लेकिन अपराधियों पर लगाम लगाने के साथ ही अपराध में कमी लाने के लिए काम किए जाएंगे। हमारा काम जनता को राहत देना है। जिले में पुलिस अच्छा काम कर रही है इसके साथ ही अब बेसिक पुलिसिंग के क्षेत्र में काम करने की जरुरत है। शहर के प्रमुख व्यावसायिक मार्गो में ट्रैफिक की समस्या बनी हुई है और इससे निजात के लिए काम किया जाएगा। सरगुजा में ज्यादातर हत्या, चोरी जैसी घटनाएं होती है इसके साथ ही नशे के कारोबार पर जिले में कार्रवाई की जाएगी। दो दिनों के भीतर ही जिले में बड़े पैमाने पर नसेडियों को पकड़ा गया है।

उन्होंने कहा कि शहर का रिंग रोड अहम हिस्सा है और इसके प्रभावित होने से लोगों को समस्या होती है। रिंग रोड में बेतरतीब पार्किंग और अवैध कब्जे पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि वर्तमान में नाबालिग बच्चों द्वारा दो पहिया और चार पहिया वाहन से फर्राटे भरना एक समस्या है। नाबालिग द्वारा वाहन चलाना खतरनाक है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पुलिस प्रशासन द्वारा नाबालिग वाहन चालकों को पकड़कर दो से तीन बार समझाईस दी जाएगी और उसके बाद उनके अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ...

जमील शाह, सपन महतो, मोहम्मद इमरान, कपिल सिन्हा, अजय जायसवाल, लखन श्रीवास्तव, श्रीमती ऊषा करियाम, जमुना, रामचरित द्विवेदी, अंकुर जैन, जया, बबीता सिंह, एसडीएम लिंगराज सिदार, सीएमएचओ अविनाश खरे, बिलासपुर सिम्स कॉलेज के डीन रमणेश मूर्ति, अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के डीन अविनाश मेश्राम, नोडल अधिकारी डॉ. भूपेन्द्र कश्यप, कार्यपालन अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. लखन सिंह, सीएमओ श्रीमती मुक्ता सिंह चौहान, डीपीएम डॉ.पुष्पेन्द्र सोनी, सहायक अभियंता संतोष सोनी, बीपीएम संतोष नायक के साथ सभी अधिकारी-कर्मचारीगढ़ उपस्थित रहे।

### एमसीबी की प्रबंध ...

करने एवं आगामी 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर वृहद रक्तदान शिविर आयोजित करने की सहमति बनी। नशामुक्ति अभियान चलाने, क्षय रोगियों को जनसहभागिता से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए लोगों को प्रेरित करने पर बल दिया गया साथ ही अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में जिला रेडक्रॉस समिति एमसीबी शाखा के लिए दो नए पदों जिला सहसचिव व जिला मीडिया प्रभारी का पद सृजन कर क्रमशः रेडक्रॉस जिला मीडिया प्रभारी के रूप में श्रीकांत सिंह,प्रवीण निशि एवं जिला सहसचिव के रुप में जसपाल सिंह कालरा की नियुक्ति की गई। भारतीय रेडक्रॉस जिला प्रबंध समिति की प्रथम बैठक में प्रमुख रूप से रेडक्रॉस चेयरमेन शैलेष जैन, वॉइस चेयरमेन विवेक जायसवाल, कोषाध्यक्ष रिंकेश खन्ना,राज्य प्रतिनिधि रामनरेश पटेल, रेडक्रॉस जिला प्रबंध समिति सदस्य पार्षद अजय जायसवाल, श्रीकांत सिंह, डॉ. विनोद पांडेय, डॉ.एसके आचार्या, नरोत्तम शर्मा, राजकुमार पांडेय, राजेश गोयल, प्रवीण निशी, इंद्रजीत सिंह,जसपाल सिंह, जितेश चावड़ा, समीर चावड़ा, रितेश जैन, राशिद अली, नोडल अधिकारी सौमेन्द्र मंडल, संगठक टी.विजय गोपाल राव उपस्थित रहे।

### 29 करोड़ वर्ष पुराने ...

गतिविधियां भी आरंभ की गई हैं। जैव विविधता के संवर्धन के लिए मंकी टेल, डेंगन बेलिया, कैप्स जैसे दुर्लभ प्रजातियों के पौधों का रोपण कर इस स्थल को हरित एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है। मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आज का दिन मनेन्द्रगढ़ सहित पूरे छग के लिए गर्व का क्षण है। गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क हमारे क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर है, जो विश्व स्तर पर छग को एक नई पहचान दिलाएगा। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल 29 करोड़ वर्ष पुराने समुद्री जीवन के अद्भुत प्रमाणों का संरक्षण स्थल है, बल्कि पृथ्वी के भू-गर्भीय विकासक्रम को समझने का अद्वितीय अवसर भी प्रदान करता है। जब धरती दो विशाल भू-भागों लॉरेशिया और गोंडवाना लैंड में विभाजित थी, तब यह क्षेत्र समुद्री जीवन से परिपूर्ण था। आज उसी युग के जीवाश्म आमाखेरवा की धरती पर जीवंत प्रमाण स्वरूप उपलब्ध हैं, जो हमें हमारी धरती के प्राचीन इतिहास से जोड़ते हैं। जिनमें कई संरचनाएं छग के फॉसिल पार्क से समानता रखती है । गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क इन मान्यताओं को वैज्ञानिक आधार प्रदान करता है, क्योंकि यहां मिले जीवाश्म इस बात का प्रमाण हैं कि कभी यह क्षेत्र एक समुद्र के नीचे था। इस पार्क की खोज 1954 में भूवैज्ञानिक एसके घोष ने कोयला खनन के दौरान की थी। जब कोयले की परतों के बीच उन्हें समुद्री जीवों के जीवाश्म मिले, तो यह खोज भू-गर्भीय विज्ञान के लिए बढ़ाने वाली थी। तब शोध में पता चला कि यह जीवाश्म पर्मियन युग के हैं और समुद्री जल में जीवन की विविधता की दर्शाते है। कार्यक्रम में ओम प्रकाश जायसवाल, अनिल प्रजापति, रामजीत लकड़ा, अनीता सिंह, उषा करियम, डॉ.अविनाश खरे, महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. कश्यप, डॉक्टर लाखन सिंह, श्रीमती मुक्ता सिंह चौहान आदि शामिल थे।

**न्यायालय, तहसीलदार चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
क्रमांक /Q/ वाचक / 2025
चिरमिरी, दिनांक 24/04/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम गोदरीपारा पं.ह.न. 04 रा.नि.मं. व तहसील चिरमिरी के आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदिका आशा लता स्वाई आ. स्व. पूरन स्वाई उम्र 40 वर्ष जाति स्वाई निवासी ग्राम गोदरीपारा प.ह.नं. 04 रानि.म. व. तहसील चिरमिरी, जिला एम.सी.बी. छ.ग. के द्वारा अपने ससुर काशी स्वाई की मृत्यु ग्राम गोदरीपारा में दिनांक 26/10/2013 को हो गई थी, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश प्राप्त करने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर किसी भी व्यक्ति, संस्था समूह अथवा निकाय को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति दिनांक 13/05/25 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालीन पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

**न्यायालय, तहसीलदार चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
क्रमांक /Q/ वाचक / 2025
चिरमिरी, दिनांक 24/04/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम गोदरीपारा पं.ह.न. 04 रा.नि.मं. व तहसील चिरमिरी के आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदिका आशा लता स्वाई आ. स्व. पूरन स्वाई उम्र 40 वर्ष जाति स्वाई निवासी ग्राम गोदरीपारा प.ह.नं. 04 रानि.म. व. तहसील चिरमिरी, जिला एम.सी.बी. छ.ग. के द्वारा अपने ससुर काशी स्वाई की मृत्यु ग्राम गोदरीपारा में दिनांक 26/10/2013 को हो गई थी, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश प्राप्त करने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर किसी भी व्यक्ति, संस्था समूह अथवा निकाय को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति दिनांक 13/05/25 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालीन पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

## सरहरी में 9 वीं और 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**पोंड़ी मोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरहरी में 9वीं और 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। ग्राम पंचायत सरहरी की सरपंच श्रीमती मीनामती शांडिल्य, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामशरण कुशवाहा, सदस्य राजमन सिंह ने छात्र छात्राओं को परीक्षा परिणाम प्रमाण पत्र वितरित गया। इस अवसर पर बाल विवाह निषेध एवं नशा मुक्ति पर कार्यशाला आयोजित किया गया। शिक्षक अविनाश तिवारी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को परिश्रम से ही सफलता मिलती है। प्राचार्य श्रीमती निशा तिवारी ने बाल विवाह के दुष्परिणाम पर प्रकाश डाला। श्रीमती नीलिमा लकड़ा एवं सावित्री बंजारे ने भी बाल विवाह निषेध एवं नशा मुक्ति पर आवश्यक पहल करने पर जोर दिया।

## जिला चिकित्सालय में प्याऊ घर में शरबत का वितरण

**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर परिसर में विगत दो वर्षों से प्याऊ घर का संचालन किया जा रहा है।

गर्मी के मौसम में अप्रैल एवं मई माह के दौरान प्रतिदिन प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक स्काउट गाइड स्वयंसेवकों द्वारा निःशुल्क शुद्ध शीतल पेयजल एवं जनसहयोग से गुड़, खीरा तथा शरबत का वितरण किया जा रहा है। इस वर्ष प्याऊ घर का शुभारंभ 9 अप्रैल को जनपद पंचायत बैकुंठपुर के उपाध्यक्ष प्यारेलाल साहू के सहयोग से किया गया। इसीक्रम में 26 अप्रैल को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता की उपस्थिति में एमएस सुपर मार्ट के सौजन्य से शीतल शरबत, गुड़ एवं खीरा का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला सचिव सुरेन्द्र राजवाड़े, जिला संघ कोषाध्यक्ष रवि कुमार पांडेय, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू, विकासखंड सचिव बैकुंठपुर शिव प्रताप सिंह, स्काउटर अजीम अंसारी, रवि प्रसाद बैगा सहित कई स्काउट-गाइड सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।



HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन




रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक: 01 जून 2025, 16 जुलाई 2025, 27 जुलाई 2025, 16 अगस्त 2025, 09 सितंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com



By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411